बाबा मैं हारा हूँ

बाबा मैं हारा हूँ......
सांवरिया मुझे जीत दिला दे,
मुझको अपना दर्श दिखा दे,
दर्श दिखा दे खाटू वाले,
मैं जग से हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ।।

देखो ना मेरी ये हालत,
मैं भी तो हं तेरा बालक...-2
मैं तेरा बालक तू जगपालक,
फिर क्यों मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ।।

जो भी सांचे मन से आए,
खाली ना उसको लौटाए...-2
कैसे बताऊँ मैं सांवरिया,
कितना मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ।।

तेरे सहारे जो हो ‘कन्हैया’,
कैसे डूबे उसकी नैया...-2
पार लगाने वाले बाबा,
मैं गम का मारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ।।

बाबा मैं हारा हूँ,
सांवरिया मुझे जीत दिला दे,
मुझको अपना दर्श दिखा दे,
दर्श दिखा दे खाटू वाले,
मैं जग से हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ,
बाबा मै हारा हूँ।।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23005/title/baba-main-hara-hu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |